एक नजर

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

बहराइच । राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 नि:शुल्क एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2026 तथा द्वितीय चरण में माह जनवरी, 2027 से मार्च, 2027 तक लाभार्थियों को 1-1 पूर्णतया नि:शुल्क उज्ज्वला रिफिल गैस सिलेण्डर का वितरण कराया जाएगा। लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दीपावली व धनतेरस त्योहार से पूर्व प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 1.89 करोड़ परिवारों को नि:शुल्क उज्ज्वला रिफिल गैस सिलेण्डर प्रदान किये जाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी लाभार्थियों को आगामी दीपावली व धनतेरस पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित कायक्रम में विधायक कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के पश्चात प्रतिकात्मक रूप से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 15 लाभार्थियों आरती, सायमा खातून, रूबीना, परवीन, बेबी, समा अफरोज, सुरैया, शबाना, रीता देवी, रहीसुन, रेशमा सुमन सुमन, प्रीति देवी, अंजली व मंजू को सब्सिडी धनराशि का डेमो चेक व उज्जवला योजना के डेमो सिलेण्डर का वितरण किया।

त्योहार से पहले खाद्य विभाग की जारी है छापामारी की कार्यवाही

बहराइच । **सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. अमर** सिंह वर्मा ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र.. एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आगामी त्योहार के दृष्टिगत मिलावटी मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों पर प्रभावी अंकुश के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, बहराइच की 01 टीम द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की गई।खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम के द्वारा खुटेहना, पयागपुर एवं आसाम चौराहा क्षेत्र में छापामारी की कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर खुटेहना बाजार से बाहर एक दुकान पर छापा मारा गया। खाद्य कारोबारकर्ता विनोद चौहान से छेना एवं सूजी मिठाई का नमूना लिया गया। इसके उपरान्त टीम द्वारा पयागपुर चौराहा स्थित गुप्ता पेड़े वाले के प्रतिष्ठान से छेना एवं बर्फी का नमूना लिया गया एवं गणपति जलपान गृह आसाम चौराहा, बहराइच से दूध बर्फी का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा भरे गये नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। छापामारी कार्यवाही टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, कृपा शंकर व विनय कुमार सम्मिलित रहे।

अभ्यर्थी चयन हेतु 05 नवम्बर को आयोजित होगा साक्षात्कार

बहराइच । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामोद्योगी टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क ''पापकार्न एवं दोना पत्तल मशीन वितरण'' हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्र के सापेक्ष 08-08 लाभार्थियों के चयन हेतु गठित समिति के माध्यम से 05 नवम्बर 2026 मध्यान्ह 12:00 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बहराइच में साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। श्री पुष्कर द्वारा आवेदित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की गई है कि आधार कार्ड, पैन, जाति प्रमाण पत्र, मार्कशीट राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, फोटो आदि की मूल प्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पूर्वान्ह 10:30 बजे तक पहुँचकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

निजी क्षेत्र की 20 से अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियां होगी शामिल

बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार से जोडने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच द्वारा 05 नवम्बर 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से महाराजा बलभद्र सिंह रैकवार महाविद्यालय, पयागपुर में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेंले का आयोजन किया जा रहा है।यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 20 से अधिक कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। जिनमें मुख्य रूप से अमेजन वेयर हाउस, फ्लिपकार्ट, स्वीगी इन्सटामार्ट, जोमैटो वेयर हाउस, ब्लिंकिट वेयर हाउस, एम.एस. सिसका इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेंट इन्टर प्राइजेज द्वारा प्रोडक्शन ट्रेनी, ब्राइट फयूचर हर्बल एण्ड आर्गेनिक आयुर्वेदिक प्रा.लि. सेल्स एग्जीक्यूटिव, यूनाइटेड यंग्स इन्डिया, पशुपति बायोटेक्नालाजी प्रा.लि., पुखराज हैल्थकेयर प्रा.लि., भारतीय जीवन बीमा निगम, जय भारत मारूति, विप्रो इन्फो मीडिया प्रा.लि., टाटा गोटेन ग्रीन एनर्जी, इमजिसरा मालिक्यूलस, एशियन इलेक्ट्रानिक्स एवं सुरक्षा क्षेत्र की एस.आई.एस. कम्पनी सहित 20 से अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा एवं कौशल प्रशिक्षित आदि योग्यताधारी इच्छुक महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन कराकर कम्पनियों में अपनी शैक्षिक योग्यता अनुसार अपना आवेदन कर पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपने समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत



श्रावस्ती। थाना गिलौला क्षेत्र अन्तर्गत बोलेरो की टक्कर से ई-रिक्शा सवार पिता-पुत्र की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार थाना गिलौला के कस्बा गिलौला निवासी पारस मौर्य उम्र 70 वर्ष अपने बेटे सुरेंद्र के साथ सोमवार शाम करीब 6 बजे जानकीनगर से अपनी ई-रिक्शा में बैठकर गिलौला घर लौट रहे थे। तभी सिसवारा-गिलौला मार्ग पर असवा गांव के पास अंधेरे में सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने ई-रिक्शा को जबरदस्त टक्कर मार दी।टक्कर के बाद ई-रिक्शा सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया और बोलेरो पलट गई। हादसे मे पारस की मौके पर मौत हो गई, जबकि बेटा सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हुए। उन्हें गंभीर हालत में सीएचसी गिलौला से मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।हादसे के बाद बोलेरो चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है और मामले में कार्रवाई कर रही है।

जिलाधिकारी ने ''मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद'' कार्यक्रम के तहत सुनीं महिलाओं की समस्याएं

श्रावस्ती। आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोण्डा दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा की गई पहल के माध्यम से मण्डल के जनपदों में माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को ''मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद'' जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराया जा रहा है। जिसके तहत आज जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कई महिलाओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आयी महिला फरियादियों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसमें पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद एवं सरकार की अन्य योजनाओं से सम्बन्धित लाभ दिलाने हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी की शिकायतों को गम्भीरता से सुना और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।जनता दर्शन में जिलाधिकारी को कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन-सुनवाई में आने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे केवल कागजी खानापूर्ति न करें, बल्कि मौके पर जाकर शिकायतों का वास्तविक समाधान करें।

राजस्व वादों के निस्तारण में गुणवत्ता और निष्पक्षता सर्वोपरि-मंडलायुक्त

गोण्डा। राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण के साथ न्याय की गुणवत्ता, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देवीपाटन मंडल के चार जनपदों के राजस्व पीठासीन अधिकारियों का मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्व परिषद के अध्यक्ष बाबूलाल मीणा के मार्गदर्शन तथा मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट सदस्य (न्यायिक), उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद संजय यादव ने अधिकारियों को विभिन्न राजस्व धाराओं के विधिक प्रावधानों और न्यायिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी दी।प्रशिक्षण में गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के राजस्व पीठासीन अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राजस्व से संबंधित महत्वपूर्ण धाराओं 34, 67, 24, 116, 144, 80, 38, 128 एवं 66 पर विस्तार से चर्चा की गई। संजय यादव ने इन धाराओं के अंतर्गत वादों की प्रकृति, अधिकार क्षेत्र, वाद प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देने, राजस्व अभिलेखों के परीक्षण और साक्ष्यों के मूल्यांकन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों का निस्तारण करते समय संबंधित अधिनियमों एवं नियमों का गहन अध्ययन आवश्यक है। प्रत्येक मामले में उपलब्ध अभिलेखों, साक्ष्यों और पक्षकारों के तथ्यों का निष्पक्ष परीक्षण कर विधिसम्मत निर्णय लिया जाना चाहिए। न्यायिक आदेश स्पष्ट, तर्कसंगत और ठोस विधिक आधार पर आधारित होने चाहिए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया की गुणवत्ता बनी रहे और अनावश्यक अपील एवं पुनर्वाद की स्थिति से बचा जा सके।प्रशिक्षण के दौरान लंबित वादों के प्रभावी प्रबंधन, सुनवाई की व्यवस्थित प्रक्रिया, अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव और निर्धारित समयावधि में मामलों के निस्तारण पर भी जोर दिया गया।इस अवसर पर मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व न्यायालय आम नागरिकों को न्याय उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण व्यवस्था हैं। भूमि और राजस्व संबंधी विवाद सीधे आमजन के अधिकारों एवं हितों से जुड़े होते हैं। ऐसे में पीठासीन अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे प्रत्येक मामले में पूरी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न किया जाए। प्रत्येक पक्षकार को सुनवाई का पर्याप्त अवसर देते हुए तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर गुणवत्तापूर्ण आदेश पारित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल वादों की संख्या कम करना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक मामले का निष्पक्ष, पारदर्शी और विधिसम्मत निस्तारण प्राथमिकता होनी चाहिए।मंडलायुक्त ने अधिकारियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का उपयोग अपने दैनिक न्यायिक कार्यों में करने तथा विधिक प्रावधानों एवं न्यायिक प्रक्रियाओं की अद्यतन जानकारी हासिल करते रहने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया से आम नागरिकों को अपने मामलों के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से



न्यायालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।प्रशिक्षण का उद्देश्य चारों जनपदों के राजस्व पीठासीन अधिकारियों की विधिक समझ, न्यायिक दक्षता और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने के साथ राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में एकरूपता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए डॉ.अवनीश तिवारी को मिला प्रशंसा पत्र

श्रावस्ती। गिलौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अवनीश कुमार तिवारी को स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशंसा पत्र भेजा है। 2 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र उन्हें कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने तिवारी को पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने पत्र में चिकित्सकों को समाज में भगवान का दूसरा रूप बताया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपने ज्ञान, कौशल और सेवा भाव से मरीजों का उपचार करते हैं और उन्हें जीवन की नई आशा देते हैं।

पत्र में कोविड महामारी के दौरान चिकित्सकों के योगदान की भी सराहना की गई।

सांसद बहराइच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक



बहराइच । जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक कैसरगंज आनन्द यादव, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, ब्लाक प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि तथा समिति के सदस्यगण व सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।वीबी-जी राम जी योजना की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दें। इसी प्रकार उपायुक्त स्वत: रोजगार को निर्देश दिये गये कि स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ायी जाय। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 622272 कृषक को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष रू. 2000 की दर से 03 किस्तों में रू 6000 की सहायता प्रदान की जा रही है। सम्मान निधि की धनराशि किसानों के बैंक खाते में सीधे अन्तरित की जा रही है। अब तक जिले के 617990 किसान लाभान्वित हो चुके है। फसल बीमा योजना अन्तर्गत आपदा से जो हानि हुई है उसका सर्वे कर लिया गया है समय से अनुदान प्रेषित कर दिया जायेगा।पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान, राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना व राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना की समीक्षा में सभी योजनाओं का टारगेट पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। सांसद डॉ. गोंड द्वारा गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को शासन की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये

सपा-कांग्रेस बदमाशों को लाते हैं, हम बदलाव लाते है- योगी

गौरा-मनकापुर को 520.84 करोड़ की 69 परियोजनाओं की सौगात, बोले- सपा जब भी सत्ता में आई, यूपी में मचाई तबाही

खोडारे गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोंडा के गौरा और मनकापुर विधानसभा क्षेत्रों को 520.84 करोड़ रुपये की 69 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। तेजपुर के सिंगारघाट में आयोजित कार्यक्रम में परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस रहीं। विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब आस्था, सम्मान और विकास है, जबकि सपा-कांग्रेस का मतलब अपराध है। ये बदमाशों को लाने वाली पार्टियां हैं। ये बदमाशों को लाते हैं और हम बदलाव लाते हैं। ये बदमाशों को प्रश्रय देते हैं और हम आस्था का सम्मान करते हैं।मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर हमला जारी रखते हुए कहा कि सपा उत्तर प्रदेश के लिए श्राप है। यह पार्टी जब भी सत्ता में आई, इसने प्रदेश में तबाही मचाई। इसके विपरीत आज प्रदेश में विकास के कार्य हो रहे हैं और दीपावली से पहले जनता को विकास परियोजनाओं का उपहार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास विकास को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां वाराही और पृथ्वीनाथ की पावन धरा को नमन करते हुए गौरा और मनकापुर क्षेत्र के लोगों को विकास परियोजनाओं की बधाई दी। साथ ही इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि विकास की यह सौगात क्षेत्र की तस्वीर बदलने

दीपावली से पहले विकास का उपहार लेकर पहुंचे मुख्यमंत्री सात नवंबर को अयोध्या में होगा दसवां दीपोत्सव संस्करण

में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।अयोध्या के दीपोत्सव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सात नवंबर को वह अयोध्या जाएंगे, जहां दीपोत्सव का दसवां संस्करण आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव का आयोजन अयोध्या धाम में होगा, लेकिन उसकी रोशनी विकास के रूप में गोंडा तक पहुंचेगी। मुख्यमंत्री के इस कथन ने विकास परियोजनाओं को अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का संदेश दिया।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के लिए भाजपा कार्यकर्ता लखनऊ रवाना

इकौना श्रावस्ती। भाजपा के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान में शामिल होने के लिए मंगलवार को इकौना से करीब 400 कार्यकर्ता लखनऊ रवाना हुए। जत्थे का नेतृत्व पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतीश जायसवाल ने किया।जत्थे में मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। इनमें मंडल अध्यक्ष मनोज दुबे, सतराम विश्वकर्मा, पुष्कर तिवारी, कन्हैया लाल जायसवाल, मंडल महामंत्री अवनेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश तिवारी, रंजीत कुमार गुप्ता, राम प्रताप निषाद, राम कुमार शुक्ला, मोहन पांडेय, रामसरूप शुक्ला और मोहित गुप्ता शामिल हैं।कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे अभियान में शामिल होने के लिए लखनऊ जा रहे हैं।

किसी को पक्की छत का सहारा, तो किसी के सपनों को मिली नई उड़ान

मुख्यमंत्री की सौगात से बदलेगी लाभार्थियों की जिंदगी आर्थिक संबल के साथ आत्मनिर्भरता की जगी उम्मीद



गौराचौकी गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाकर सम्मानित हुए लाभार्थियों के लिए यह अवसर महज सम्मान पाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनके जीवन में नई उम्मीदों और संभावनाओं का संदेश भी दे गया। किसी परिवार को वर्षों के इंतजार के बाद पक्के मकान की चाबी मिली तो किसी को गंभीर बीमारी के इलाज की चिंता से राहत का भरोसा। किसी महिला को स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला तो किसी जरूरतमंद परिवार को आर्थिक संकट से उबरने का संबल।मुख्यमंत्री के हाथों आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने वाले राम प्रताप के लिए यह सौगात परिवार के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की उम्मीद लेकर आई है। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 85 हजार रुपये की सहायता पाने वाली संगीता के लिए यह धनराशि मुश्किल समय में बड़ी राहत साबित होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी घनश्याम और मीना के परिवारों को पक्की छत मिलने से सुरक्षित जीवन की उम्मीद जगी है।इन योजनाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास भी रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत रेनू वर्मा और झिनकना देवी को मिली सहायता से स्वयं सहायता समूहों तथा महिला आजीविका गतिविधियों को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। वहीं, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत बीनू पांडेय को मिली आर्थिक सहायता स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।इसी तरह मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना के तहत निर्मला देवी को मिली सहायता और मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के लाभार्थी रामतीर्थ का सम्मान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की योजनाओं की ओर संकेत करता है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मुस्ताक अहमद को मिली सहायता से मत्स्य व्यवसाय को विस्तार देने की राह खुलेगी। वहीं, लकी सिंह को स्टडी टेबल देकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।इन लाभार्थियों की कहानियां बताती हैं कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक जीवन, रोजगार के अवसर और आत्मनिर्भरता की राह देना है। हालांकि इन सौगातों का वास्तविक प्रभाव तभी सामने आएगा, जब योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे और लाभार्थी उसका उपयोग अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में कर सकें।मुख्यमंत्री के हाथों मिली सौगातों ने लाभार्थियों के चेहरों पर मुस्कान के साथ भविष्य के प्रति भरोसा भी जगाया है। अब यह उम्मीद है कि इन योजनाओं का लाभ कागजों और समारोहों से आगे बढ़कर गांव-गांव तक पहुंचेगा और जरूरतमंदों के जीवन में स्थायी बदलाव का माध्यम बनेगा।विधायक प्रभात वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ लोगो के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गोंडा के सांसद श्री कीर्तिवर्धन सिंह विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय जी, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी विधायक अजय सिंह मा0 जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा सहित पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

एक नजर

डंपर की टक्कर से मां-बेटे गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

गोण्डा। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के परसपुर-नवाबगंज मार्ग पर गोनई गोसाईं पुरवा के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, पांडेपुरवा बबुरास निवासी श्रीराम की 50 वर्षीय पत्नी जानकी देवी अपने 25 वर्षीय बेटे विवेक कुमार के साथ बाइक से कहीं जा रही थीं। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे गोनई गोसाईं पुरवा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय अधिवक्ता वीरेंद्र विक्रम तिवारी, भीम गोस्वामी और पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. श्रेया चौहान ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। अज्ञात डंपर की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

प्लाट पर कब्जे का आरोप, चौकी पुलिस पर 10 हजार मांगने का दावा

गोण्डा। शहर के गायत्रीपुरम निवासी पवन श्रीवास्तव ने जेल रोड चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उनका आरोप है कि गिर्द गोण्डा ग्रामीण में उनकी पत्नी संध्या के नाम दर्ज प्लाट के एक हिस्से पर विपक्षी ने पुलिस की मिलीभगत से कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर उनसे 10 हजार रुपये की मांग की गई और मुकदमे में फंसाने के साथ पूरा प्लाट कब्जा कराने की धमकी दी गई। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में पवन श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि प्लाट पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर जेल रोड चौकी पुलिस ने विपक्षी का पक्ष लिया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि उनके भाई अधिवक्ता राज कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु के मामले में पुनर्विवेचना चल रही है, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, चौकी इंचार्ज को पद से हटाने, प्लाट से कथित अवैध कब्जा हटवाने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पांच माह से लाभांश नहीं मिला तो नवंबर से राशन वितरण बंद करेंगे कोटेदार


गोण्डा। पांच माह से बकाया लाभांश का भुगतान नहीं होने से जिले के कोटेदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। दीपावली से पहले भुगतान नहीं होने पर कोटेदारों ने नवंबर माह से राशन वितरण पूरी तरह बंद करने की चेतावनी दी है।मंगलवार को कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राम प्रताप तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि जिले के कोटेदार पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारकों को प्रतिमाह नियमानुसार नि:शुल्क राशन वितरित कर रहे हैं, लेकिन इसके एवज में मिलने वाला लाभांश जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्तूबर का अभी तक उनके बैंक खातों में नहीं पहुंचा है।कोटेदारों का कहना है कि लगातार पांच माह से भुगतान लंबित रहने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दुकान संचालन और अन्य खर्चों का प्रबंधन करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने दीपावली से पहले बकाया लाभांश का भुगतान कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि निर्धारित समय तक भुगतान नहीं हुआ तो नवंबर से राशन वितरण बंद करने के लिए बाध्य होंगे।

यूपी बोर्ड के 125 परीक्षा केंद्रों पर 161 आपत्तियां, 80 नए केंद्र की मांगी अनुमति

गोण्डा। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में प्रस्तावित 125 परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी होते ही आपत्तियों की झड़ी लग गई है। विभाग को कुल 161 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इनमें 80 आपत्तियां नए परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग से जुड़ी हैं, जबकि 81 आपत्तियां परीक्षा केंद्रों की दूरी और आवंटन में बदलाव को लेकर आई हैं।अनंतिम सूची जारी होने के बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विद्यालयों से आपत्तियां मांगी थीं। इसमें कई विद्यालयों ने विद्यार्थियों को आवंटित परीक्षा केंद्र दूर होने का मुद्दा उठाया है। वहीं, कुछ विद्यालयों ने अपने यहां परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग की है। नए केंद्रों की पैरवी करने वालों में कई जनप्रतिनिधि और नामचीन विद्यालय भी शामिल हैं।विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, प्राप्त सभी 161 आपत्तियों को जांच के लिए संबंधित तहसीलों के उपजिलाधिकारियों के पास भेज दिया गया है। एसडीएम को विद्यालयों की भौतिक स्थिति, परीक्षा केंद्रों की दूरी और अन्य निर्धारित मानकों की जांच कर रिपोर्ट देनी है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद विभाग सभी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण करेगा। इसके बाद यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। ऐसे में अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और अंतिम केंद्र सूची पर टिकी हैं।

श्रीमद्भागवत कथा में गूंजे 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे

कैसरगंज,बहराइच।



कैसरगंज क्षेत्र के कड़सर बिटौरा स्थित बूढ़हू बाबा मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनते ही कथा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'जय श्रीकृष्ण' के उद्घोष के साथ उत्सव मनाया।इस अवसर पर कथा के यजमान उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात लवकुश सिंह एवं उनकी पत्नी दीपिका सिंह ने भी भक्ति गीतों पर नृत्य कर उत्सव की खुशियों में सहभागिता की। उनके साथ मौजूद श्रद्धालु भी भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया।कथा व्यास पंडित ओमकार नाथ मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म और उनकी बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ अठखेलियों, पूतना उद्धार, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पर्वत धारण करने जैसे प्रसंगों के माध्यम से प्रेम, करुणा, मित्रता और धर्म की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को अधर्म पर धर्म की विजय और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती हैं।वहीं, श्रीधाम मथुरा से पधारे यज्ञाचार्य पंडित विवेक कुमार मिश्रा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान एवं यज्ञ संपन्न कराए जा रहे हैं। सात दिवसीय आयोजन का समापन शुक्रवार, 6 नवंबर को विधि-विधान से पूर्णाहुति एवं हवन के साथ होगा। इसके उपरांत कन्या भोज, ब्रह्म भोज और भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का प्रगणक एवं सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

श्रावस्ती। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) का कार्य के अंतर्गत प्रगणक एवं सुपरवाइजर का तीनों तहसीलों तथा दोनों नगर निकायों में प्रशिक्षण कराया जा रहा है। तहसीलों में प्रशिक्षण तीन पालियों व नगर निकायों में एक पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा था, जो पूर्ण हो चुका है तथा तहसील स्तर का प्रशिक्षण जारी है। तीसरे चरण का प्रशिक्षण 04 नवम्बर से 06 नवम्बर, 2026 तक दिया जाएगा। इसमें तीनों चरणों के अन्तर्गत तीनों तहसीलों व नगर निकायों के कुल 2716 कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसके तहत तहसील भिनगा अन्तर्गत शिवालिक महाविद्यालय पटना खरगौरा, श्रावस्ती में चल रहे प्रशिक्षण का आज जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रगणक एवं सुपरवाइजर को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने दायित्वों को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने प्राप्त जानकारी को फील्ड स्तर पर संबंधित गणना कर्मियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा किसी भी प्रकार की शंका अथवा कठिनाई होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसका समाधान कराने हेतु कहा गया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को पूरी निष्पक्षता, सावधानी एवं निर्धारित मानकों के अनुसार संपन्न कराया जाए। किसी भी व्यक्ति अथवा परिवार की गणना छूटने न पाए तथा उपलब्ध कराई जा रही सूचनाओं की गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखा जाए।